हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 15 मई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री


3 लकड़ी तस्कर रात के अंधेरे में काटते हैं सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़







## 16 सालों में विभाग का पांच बार हो चुका है स्थानांतरण

# जगह की समस्या से जूझ रहे फार्मेसी विभाग का संचालन होगा विवि के पुराने खाली भवन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के बाद से ही भवन एवं आवश्यक संसाधनों की कमी से जूझ रहे एसजीजीयू के यूटीडी के फार्मेसी विभाग का संचालन विवि के पुराने प्रशासनिक भवन में किया जाएगा। विवि प्रबंधन ने इसकी घोषणा कर दी है लेकिन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप भवन में फेरबदल की शुरूआत हो सकी है।

**खास बात**

- वर्षों से यूटीडी के एक कमरे में हो रहा संचालन, नहीं है मूलभूत सुविधाएं

पूर्व में सरगुजा संभाग के महाविद्यालय गुरू घासी दास विवि के संबंद्ध थे। विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं का संचालन गुरूघासीदास विवि बिलासपुर करता था। वर्ष 2005 में विवि ने जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में डी फार्मा पाठ्यक्रम की शुरूआत अपने शैक्षिक परिसर के रूप में की थी। विवि परिसर के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक छोटा भवन उपलब्ध कराया गया था। वर्ष 2008 में सरगुजा विवि की स्थापना हुई तो विवि ने फार्मेसी एवं कम्प्यूटर साइंस पाठ्यक्रम की शुरूआत यूटीडी के रूप में की। विवि का अपना भवन नहीं होने के कारण उधार के भवन में यूटीडी की शुरूआत हुई। इस बीच आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था किए बिना विवि ने प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि सहित अन्य कई पाठ्यक्रमों की शुरूआत की। प्रशासन की पहल पर विवि यूटीडी के मणिपुर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन उपलब्ध कराया गया जहां सभी शैक्षणिक विभागों का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान फार्मेसी विभाग द्वारा डिप्लोमा के साथ ही स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई थी। कक्षाओं के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विवि ने विभाग को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय लखनपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज भवन, भकुरा परिसर स्थित नवनिर्मित यूटीलिटी भवन में स्थानांतरित किया लेकिन समस्याएं कम नहीं हुई। अब पुनः फार्मेसी विभाग का संचालन यूटीडी के एक कमरे में किया जा रहा है जहां न तो विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के लिए मूलभूत सुविधाएं हैं न ही शैक्षणिक वातावरण। विभाग एवं विवि प्रबंधन विद्यार्थियों से फीस की मोटी रकम वसूलने एवं डिग्री बांटने की खानापूर्ति कर रहा है। एसजीजीयू के जर्जर प्रशासनिक भवन की सीलिंग गिरने, भवन में लगातार सीपेज होने के बाद विवि प्रशासन ने आनन-फानन में प्रशासनिक कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित कर दिया है। प्रशासनिक कार्यालय के स्थानांतरित होने के बाद पुराना भवन खाली पड़ा है। विवि ने नए सत्र से पुराने भवन के गोपनीय विभाग के लिए निर्मित भवन में फार्मेसी विभाग का संचालन करने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा भवन में विभाग के अनुकूल सुविधाएं विकसित करने के लिए 10 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। नए सत्र तक सुविधाएं विकसित हो सकेंगी इसकी संभावना कम ही है। बरसात बाद ही भवन में सुधार होने की संभावना है।



एसजीजीयू का खाली प्रशासनिक कार्यालय।

### अधूरे भवनों की लागत हुई डेढ़ गुना अधिक

शासन द्वारा वर्ष 2016 में विवि के भकुरा परिसर में प्रशासनिक भवन सहित यूटीडी, छात्रावास आवासीय परिसर सहित अन्य आवश्यक भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस दौरान विवि के अधिकारियों ने भवन निर्माण के लिए यथोचित पहल नहीं की जिसके कारण कुछ भवनों का ही निर्माण पूरा हो सका। विवि प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक विभाग, छात्रावास, कर्मचारियों के आवास सहित अन्य भवन अधूरे पड़े हैं। 8 साल से अधिक समय गुजरने के कारण निर्माण की लागत में करोड़ों रूपए की वृद्धि हो गई है। लोनिवि ने अधूरे भवनों के निर्माण हेतु विवि के माध्यम से 24 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था जिसकी बजट स्वीकृति नहीं मिल सकी है। अधिकारी अब अनुपूरक बजट में स्वीकृति मिलने की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कभी विवि के विकास में रूचि नहीं दिखाई लिहाजा निकट भविष्य में भवन निर्माण पूरा हो पाएगा इसकी संभावना कम है। इधर प्रशासनिक कार्यालय भकुरा स्थानांतरित होने से समस्या और अधिक बढ़ गई है।

### नहीं है पुस्तकालय, लैब

यह जानकर हैरानी होगी कि फार्मेसी विभाग का संचालन वर्षों से बिना लैब एवं पुस्तकालय के हो रहा है। विवि ने शैक्षणिक विभागों के लिए लाखों की पुस्तकें खरीदी है विभागों के पास पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण पुस्तकें वर्षों से गोदाम की शोभा बढ़ा रही है। फार्मेसी विभाग के लिए भी लाखों के फर्नीचर, पुस्तकें, प्रायोगिक सामग्री एवं उपकरण खरीदे गए हैं जो वर्षों से भकुरा परिसर के यूटीलिटी भवन में पड़े हैं तथा दीमक पुस्तकों व फर्नीचर को चाट गए हैं। फार्मेसी विभाग द्वारा संचालित दो पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम 6 कक्षाओं सहित अन्य संसाधनों की आवश्यकता है लेकिन वर्षों से विभाग का संचालन एक कमरे में किया जा रहा है। अध्यापन की खानापूर्ति से असंतुष्ट विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के लिए मोटी फीस वसूलने एवं प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय की सुविधा नहीं देने की शिकायत सुशासन तिहार में की थी। शासन द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करने का निर्देश दिया गया है। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक इस दिशा में कोई पहल प्रारंभ नहीं की गई है।

### नए सत्र से होगा संचालन

नए सत्र से पुराने प्रशासनिक भवन स्थित गोपनीय विभाग में फार्मेसी विभाग का संचालन किया जाएगा। विवि द्वारा विभाग की राशि से भवन निर्माण की स्वीकृति मांगी गई है। आवश्यकता के अनुरूप भवन में फाल्स सीलिंग एवं फर्श पर टाइल्स लगाए जाएंगे। सेंट्रल लैब का निर्माण भकुरा परिसर में किया जाएगा क्योंकि देर सबेर सभी शैक्षणिक विभाग भकुरा परिसर में ही संचालित होंगे।

-डा.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## खबर संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष आज रहेंगी जिला प्रवास पर

**बलरामपुर।** छग राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जुदेव द्वारा सर्किट हाऊस के सभाकक्ष में विभिन्न प्रकरणों पर सुनवाई 15 मई को दोपहर 11 बजे से किया जाना है। इस दौरान सुनवाई हेतु सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में बारी-बारी से उपस्थित होंगे। सुनवाई में रखे गए प्रकरणों के संबंध में न्यायालय में प्रस्तुत चलान, राजीनामा के संबंध में सक्षम अधिकारी के साथ सुनवाई स्थल पर जानकारी सहित उपस्थित होंगे।

### सेजेस उमावि में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन आज

**बलरामपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उमावि बलरामपुर में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश हेतु 5 मई तक ऑनलाइन पत्र मंगाए गए थे। निर्धारित अवधि तक कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदनों का परीक्षण पश्चात दावा आपत्ति के लिए पात्र-अपात्र की सूची का प्रकाशन किया गया है। दावा आपत्ति पश्चात लॉटरी के माध्यम से 15 मई को प्रातः 9 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किया जाएगा।

# शराब पीने की आदत से था परेशान गुस्से में कर दी मां की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में नाबालिग ने अपनी ही मां की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। अपचारी बालक मां की शराब पीने की आदत से परेशान था और आक्रोश में आकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा अपचारी बालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच जारी है।

- पुलिस ने अपचारी बालक को किया गिरफ्तार, मैनपाट क्षेत्र की घटना

बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम असगवां निवासी 35 वर्षीय मुन्नी मझवार पति जगेश्वर अपने 17 साल के पुत्र के साथ रहती थी जबकि महिला का पति काम करने के लिए राज्य से बाहर गया हुआ है। इसके साथ ही महिला की सास गांव में अलग घर में रहती है। पुलिस के अनुसार महिला आदतन शराबी थी और अक्सर शराब पीकर सड़क किनारे पड़ी रहती थी। इसी बात को लेकर उसका पुत्र नाराज था। आए दिन शराब पीने को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। 13 मई को भी महिला शराब पीकर गांव में सड़क किनारे पड़ी हुई थी। जब उसका नाबालिग पुत्र महिला को उठाने गया तो वह नहीं उठी। ऐसे में आक्रोश में आकर उसने पत्थर से महिला के सिर पर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# मवेशी से टकरा कर सड़क किनारे गिरा बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशी से टकरा कर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अनुजनगर निवासी इंदला सिंह आ. बहोरन सिंह (65 वर्ष) मंगलवार को अनुजनगर स्थित अपने नए मकान से पुराना घर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मवेशियों से टकराकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड में काव्य तायल ने हासिल किया 98.25 फीसदी अंक



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्ग निवासी तायल ज्वेलर्स के संचालक विकास तायल के पुत्र काव्य तायल ने सीबीएसई 12 वीं परीक्षा में 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।यह न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।छात्र काव्य तायल राजधानी रायपुर स्थित एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में अध्ययन कर रहे थे।

### मयंक बड़ा ने 10वीं बोर्ड में हासिल किया 92.2 प्रतिशत अंक



**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय स्थित संत जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल दर्रीडीह में अध्यनरत छात्र मयंक बड़ा ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक हासिल करके पूरे कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र मयंक ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजन, माता-पिता को दिया है। मयंक के माता-पिता शासकीय विद्यालय बलरामपुर में व्याख्याता के पद पदस्थ है। विद्यालय में प्रथम आने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मयंक को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर उदयपुर में संगोष्ठी, मिला जनसमर्थन



**उदयपुर।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत विकासखंड उदयपुर रेस्ट हाउस में राजनीतिक संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि देश में पंचायत, विधानसभा और लोकसभा के तीन स्तरों पर चुनाव होते हैं। इन चुनावों में प्रशासन को भारी खर्च और समय देना पड़ता है। एक साथ चुनाव होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। आम जनता को भी कई तरह की राहत मिलेगी। संगोष्ठी में ब्लॉक के सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारी और विभिन्न समाजों के प्रमुख शामिल हुए। सभी ने सार्थक चर्चा के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान का समर्थन किया। इस दौरान देवगढ़ अखंड, विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, अनिल प्रताप सिंह, दीपक सिंघल, संतोष जायसवाल, लवकेश राजवाड़े, रामप्रसाद गुप्ता, कमलेश , श्यामलाल जायसवाल, बसंत सिंह, सुदर्शन अग्रवाल व अन्य व्यापारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसईसीएल में वित्त विभाग के 22 अधिकारियों के पदस्थापना स्थल बदले

**बिश्रामपुर।** मंगलवार 13 मई को जारी आदेश में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 22 वित्त अधिकारियों के पदस्थापना स्थल बदल कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है।जारी आदेश में बिश्रामपुर में पदस्थ दिनेश कुमार को सोहागपुर व सुकांता कुमार जोदार को चिरमिरी क्षेत्र पदस्थ किया गया है।वही रायगढ़ में पदस्थ मैनेजर वित कार्तिकेय को बिश्रामपुर पोस्टिंग दी गई है।बिलासपुर मुख्यालय में पदस्थ प्रभात चंद्र सैनी को सीई डब्ल्यू आर एल रायपुर पदस्थ किया गया है ,इसी स्थान पर पदस्थ विनीत कुमार सिंह को बिलासपुर मुख्यालय पोस्टिंग दी गई है।भटगांव में पदस्थ अवधेश जायसवाल को बैकुंठपुर चिरमिरी में पदस्थ प्रभात कोली को दीपिका एरिया,दीपका में पदस्थ अजय गुप्ता को कुसमुंडा एरिया, रजत कनोड़िया को हसदेव से रायगढ़,जमुना कोतमा में पदस्थ चन्द्र भानु कुमार को बैकुंठपुर एरिया,रायगढ़ क्षेत्र के पदस्थ अनुराग खोखर को जोहिला एरिया,कंपनी मुख्यालय में पदस्थ वैभव अग्रवाल को गेवरा एरिया,चंद्रकांत चिंचोली सोहागपुर से रायगढ़ एरिया,सोहागपुर में पदस्थ कार्तिकेय नरसिंमलू को हेड क्वार्टर,जोहिला में पदस्थ सुमित जायसवाल को जमुना कोतमा एरिया,अनूप कुमार सिंह बैकुंठपुर से भटगांव क्षेत्र,कीर्ति दुआ दीपका से कुसमुंडा,विक्रम चंद्राकर चिरमिरी से बिलासपुर मुख्यालय,नाबिल होवायरा गेवरा से हेड क्वार्टर,दीपक शर्मा को कुसमुंडा से रायगढ़,सूर्य प्रकाश हेड क्वार्टर से चिरमिरी,टेकचन्द्र अग्रवाल को कंपनी मुख्यालय से सोहागपुर स्थानांतरित किया गया है ।

### भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने विजय राज को दी श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह के छोटे देवर का आकस्मिक निधन हो जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों भाजपा मंडल कार्यालय में मृत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। तथा विजय राज बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि देकर उनके कुशल व्यक्तित्व को याद किया गया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। विजय राज सिंह, विधायक शकुंतला सिंह के सबसे छोटा देवर से तथा एक उन्नत कृषक के साथ में गांव में एक बहुत ही प्रतिष्ठित युवा के रूप में जाने जाते थे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल, अवधेश पांडे, राम रतन गुप्ता, आनंद, अरविंद, बहादुर तायल सहित अन्य उपस्थित थे।

## लखनपुर के भरतपुर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय

# लकड़ी तस्कर रात के अंधेरे में काटते हैं सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़



काटे गए सेमर पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

लखनपुर क्षेत्र में लकड़ी तस्करी करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह है कि क्षेत्र से बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग व पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है।

**खास बात**
- ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से करते है तस्करी

क्षेत्र के जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर जंगल में सक्रिय तो रहते है अब गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर उनके खेतों के मढ़ में लगाए गए सेमर काटने लगे है। इसके अलावा तस्कर सड़क किनारे लगे वर्षो पुराने सेमर के पेड़ को बगैर अनुमति काटने लगे है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन ग्रामीणों के खेत किनारे एवं सड़क के आसपास शासकीय भूमि के पेड़ पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो सके है। लकड़ी तस्कर इतने शातिर है कि सेमर के अलावा जामुन सहित अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ को भी काटने लगे है। लखनपुर क्षेत्र के भरतपुर सहित आसपास के गांव व सड़क किनारे लगाए गए सेमर, जामुन, शीशम सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की किया जा रहा है। पेड़ों की अवैध कटाई पर अंकुश लगाने क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की थी लेकिन शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है।

**उत्तर प्रदेश में खपा रहे लकड़ी**

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में बिना अनुमति पेड़ों काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा जामुन व अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर जिले के अलावा उत्तर प्रदेश भेज रहे है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि जिस ट्रैक्टर व भारी वाहन में लकड़ी ले जाया जा रहा है वे सभी वाहन उत्तर प्रदेश के ही है।

**रात के अंधेरे में काटते हैं पेड़**

ग्रामीणों का कहना है कि दोपहर बाद ही ट्रैक्टर सहित अन्य भारी वाहना का आवाजाही शुरू हो जाता है। वहीं लकड़ी तस्कर शाम होते ही ग्रामीणों के खेतों एवं सड़क किनारे लगाए गए पेड़ो को काटना शुरू करते है। मशीन के उपयोग होने से पेड़ जल्दी कट जाते है और तड़के तक वाहनों में लकड़ी को लोड कर भेज दिया जाता है। जब ग्रामीण सुबह उठते है तो नजारा कुछ और ही होता है।

**हर दिन कर रहे लकड़ी परिवहन**

सूत्रों के अनुसार लकड़ी तस्कर हर दिन ट्रक से इमारती एवं गैर इमारती प्रजाति की लकड़ी को आसपास क्षेत्र ले जाते है। वन विभाग ने लकड़ी के अवैध परिवहन पर रोक लगाने जगह-जगह जांच चौकी है। लेकिन कहीं भी अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले ट्रकों की जांच नहीं होती। तस्कर विभाग की इस छूट का फायदा उठाकर राजस्व एवं वन भूमि पर लगे इमारती लकड़ी की भी कटाई व परिवहन कर रहें है।

**कार्रवाई होना चाहिए**

बिना अनुमति सरकारी पेड़ों की कटाई की जा रही है तो गलत है। पेड़ काटने व कटवाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई होना चाहिए

-**बिहारी राजवाड़े**, उपसरपंच भरतपुर

**मना किया जाएगा**

हमारे गांव का पेड़ दीगर राज्य उत्तर प्रदेश के लोग पेड़ काट रहे है। सड़क किनारे लगे पेड़ काटने का कोई परमिशन नहीं लिए है। पेड़ काटने वाले लोगों को मना किया जाएगा।

-**श्रीमती अंजू सिंह**, सरपंच

**की जाएगी कार्रवाई**

बिना अनुमति पेड़ की कटाई की जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत पकड़े के वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**बन सिंह नेताम**, अनुविभागीय अधिकारी



## जिले के डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

शिक्षा के क्षेत्र में गोंदा क्षेत्र ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत जरही के गोंदा क्षेत्र में स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

- 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं में शामिल सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जिनमें कई छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कुछ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर टॉप परफॉर्मर की श्रेणी में अपना स्थान पक्का किया है। परिणामों में लड़कियों और लड़कों दोनों ने समान रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो संतुलित और समर्पित शिक्षण व्यवस्था का प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने यह साबित कर दिया है कि अगर छात्रों को सही दिशा, योग्य शिक्षक और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष की झलक थी। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके बच्चों की इस सफलता के पीछे विद्यालय की मेहनत और अनुशासित शिक्षा प्रणाली का बड़ा हाथ है। विद्यालय के संचालक मंडल और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग से संभव हो सकी है। विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखते हुए छात्रों को हर क्षेत्र में निखारने का कार्य करता रहेगा।

## पीजी कॉलेज की समस्याओं को लेकर छात्रों ने मेन पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों के साथ छात्रों ने मुख्य गेट पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। कॉलेज में इस भीषण गर्मी में पेयजल, कक्षाओं में गंदगी, खराब पंखे-लाइट की समस्या को लेकर जमकर नारे बाजी की।

- पेयजल सहित अन्य समस्याओं से कराया अवगत



मुख्य गेट पर ताला लगा प्रदर्शन करते छात्र।

राजीव गांधी पीजी कॉलेज जो कि संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। बावजूद इसके छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। इस भीषण गर्मी में जहां शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में महाविद्यालय में वाटर आरओ की भयावह समस्या छात्रों के लिए असहनीय बन गई है। छात्रों को पीने के पानी के लिए तड़पना पड़ रहा है। जबकि महाविद्यालय प्रबंधन को कई बार पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया है। पूर्व में सूचना दी जा रही थी कि महाविद्यालय के वाटर आरओ पूरी तरह से खराब हो चुके हैं, जिनमें पूरा गंदा पानी भरा रहता है और कभी-कभी मरी हुई छिपकलियां तक पाई गई है। इसके अलावा कक्षाओं में किसी भी प्रकार की साफ-सफाई नहीं रहती है, लाइटें खराब हैं, पंखा काम नहीं करता जिससे छात्रों को भीषण गर्मी में पढ़ाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि महाविद्यालय के प्रोफेसर और प्राचार्य वातानुकूलित कमरों में बैठते हैं। इन समस्याओं के अतिरिक्त अनियमित कक्षाएं और सर्वर की गंभीर समस्या है। 6 मई को जब छात्र अपना एटीकेटी का फॉर्म भर रहे थे तब उनसे 900 के स्थान पर 1100 फीस वसूली गई। यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व में भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। आजाद सेवा संघ के कार्यकर्ताओं और महाविद्यालय के छात्रों ने अनोखे तरीके से नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने खराब वाटर आरओ के प्रतीक के तौर पर मटकी फोड़ प्रदर्शन किया और प्राचार्य को मटकी भेंट कर शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही संघ के कार्यकर्ताओं व छात्रों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वारों पर तालाबंदी भी कर दी। छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने कहा कि छात्रों के हक की लड़ाई में खड़ा रहूंगा। महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। इधर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्रों की समस्या का निराकरण एक हफ्ते के भीतर पूरा करने लिखित में आश्वासन दिया जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त की।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सेंट जेवियर्स का परिणाम संतोषजनक

**राजपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 में सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर दसवीं बोर्ड के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शुभम सिंह ने 92.8 प्रतिशत, नैन्सी लकड़ा ने 91.6 प्रतिशत, अंशिका अग्रवाल ने 90.4 प्रतिशत, दीपायान कुशवाहा ने 90.2 प्रतिशत एवं आयुष कुमार गुप्ता ने 88.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का मान बढ़ाया है। वहीं कक्षा 12 वी में अभिजीत यादव ने जीव विज्ञान ग्रुप से 92.8 प्रतिशत, सानिया खातुन कॉमर्स ग्रुप से 87.8 प्रतिशत, चंचल कुशवाहा ने जीव विज्ञान ग्रुप से 85 प्रतिशत एवं शालिनी लकड़ा ने 83. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान हासिल किया है। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों को दिया। ज्ञात हो कि सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर ने विगत 12 वर्षों से छग माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में लगातार 100 प्रतिशत था। अब सीबीएसई बोर्ड में भी अपना श्रेष्ट रेकॉर्ड कायम रखा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लगातार प्रयास, कड़ी मेहनत, बच्चों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित भावना द्वारा ही प्रत्येक वर्ष बच्चे अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होकर आगे की उच्च पढ़ाई के लिए देश के विभिन्न अच्छे शैक्षणिक संस्थाओं में जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर मिखाएल एक्का, प्राचार्य



फादर सेबास्तियन तिग्गा, उप-प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम, हेड मिस्ट्रेस मिस प्रभा टोप्पो एवं स्टाफ ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### अक्षिता ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अर्जित की 90.2 प्रतिशत अंक



**अम्बिकापुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड में होली क्रॉस कान्वेंट स्कूल की छात्रा अक्षिता जैन ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उन्होंने अपने परिणामों का श्रेय अपने माता-पिता परिवार सहित स्कूल प्रबंधन को दिया है। अक्षिता जैन जैनसंस ट्रैक्टर संचालक विक्रांत जैन, काकुल जैन की पुत्री है।

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया देना सीखना था। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक शालिनी शांता कुजूर द्वारा नागरिक सुरक्षा की भूमिका के बारे में बताया गया तथा पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बारे में बताया गया साथ ही भारतीय सेना के प्रति उत्तर में एक्शन ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई।



सभी विद्यार्थियों को एनएसएस के वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में भारतीय बॉर्डर पर हो रही घटनाक्रम को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर देश की सेवा के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता प्राचार्य अमित सिंह बनाफर महत्वपूर्ण ने जानकारियां दी।उन्होंने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मकसद पर बच्चों को जानकारी दी।यहाँ पर मॉक ड्रिल के सात एक्सरसाइज के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस टीम एवं छात्र-छात्राओं के अलावा सहायक प्राध्यापक अंजना, अजय तिवारी, भारत लाल कंवर, आशीप कौशिक, जफीर, सुश्री स्वाति यादव व अन्य उपस्थित थे।

### बेटियों ने बढ़ाया मानः अदाणी विद्या मंदिर के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेटियां रहीं अव्वल



**अम्बिकापुर।** अदाणी विद्या मंदिर, साल्ही के 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें विशेष रूप से बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अदाणी विद्या मंदिर के 21 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। इस वर्ष अदाणी विद्या मंदिर से 10 वीं कक्षा में कुल 51 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से सभी विद्यार्थी सफल हुए और स्कूल ने शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 11 छात्रों में से 8 बेटियां रहीं। डांडगांव की हर्षिता यादव ने 81.84 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। साल्ही की प्रेरणा सिंह ने 77.84 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और साल्ही के राजकमल कोर्राम ने 76.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 12 वीं कक्षा में कुल 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों में से 6 बेटियां रहीं। हरिहरपुर के आदिवासी छात्र नारायण सिंह कोर्राम ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। घाटबर्रा के समीर यादव 73.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय और साल्ही के सुरजीत पोर्ते 71.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

## मधुमक्खियों का छत्ता हटाने नपं प्रबंधन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में सुशासन तिहार का समाधान शिविर वार्ड नंबर 5 आजार ग्राउन्ड के सामुदायिक भवन में किया गया। शिविर में वार्डवासियों द्वारा 436 आवेदन दिए गए थे। जिसमें साफ सफाई, राशनकार्ड, स्ट्रीट लाईट, पेयजल सुविधा, नाली निर्माण व मरम्मत के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई थी। साथ ही वार्ड नंबर सात में स्थित सेमर पेड़ में मधुमक्खियों के छत्तों से परेशानी का निराकरण कराए जाने की भी मांग की गई थी, जिस पर बुधवार को नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष समेत पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, वन विभाग से धीरेन्द्र सिंह, नपं सीएमओ सुशील



कुमार तिवारी, उपयंत्री गौरव अग्रवाल, रनदीप दास, अरविंद यादव, पार्षद रविशंकर बउवा, संजीत यादव व अन्य लोगों ने मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और लोगों की समस्या के निराकरण कराए जाने पहल शुरू कराई गई।इसके अलावा शिविर में प्राप्त अन्य आवेदनों का भी निराकरण किए जाने पहल की गई।

## भैंसा चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करीब डेढ़ महीने पूर्व ग्राम रतनपुर से दो जोड़ी भैंसा चोरी मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी प्रार्थी रामप्रताप सिरदार पिता कृष्णा सिरदार व पड़ोसी बनस के घर के पास बंधे दो जोड़ी भैंसा को अज्ञात लोगों द्वारा 28 मार्च की रात चोरी कर

- पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय किया जा चूका है पेश



लिया गया था। मामले में पतासाजी के दौरान रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरता निवासी जुगेश्वर ने फोन करके पीड़ित बनस को बताया कि चार भैंसा को 3-4 लोग बेचने आए थे। जिसके बाद पोडी जंगल तरफ देखने गया तो पीड़ित बनस ने अपने चोरी हुए भैंसा को पहचान लिया। इसके पश्चात रामानुजगर पुलिस की मदद से भैंसा को बेचने की फिराक में घूम रहे कैलाशपुर निवासी घनश्याम राजवाड़े को पकड़ लिया गया था और आरोपी की निशानदेही पर ग्राम कोरेया निवासी हितेश कुमार को भी पूर्व में ही गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया जा चुका है। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपी मणिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेंड्राकला निवासी 19 वर्षीय टिकेश्वर पिता स्व.रामप्रकाश के अलावा ग्राम कैलाशपुर निवासी नरेश राजवाड़े पिता मोतीलाल, भरत राजवाड़े उर्फ भरत चंद पिता सोमार साय उर्फ सुमारू राम को बुधवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (3), 3 (5) के तहत कार्यवाही की है।कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सोहन सिंह, आरक्षक सुरेश कुमार साहू व अन्य सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर आज

**बलरामपुर।** जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने बताया कि जिले के 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 15 मई को जिला परिवहन कार्यालय, अपेक्षा परिवहन सुविधा केंद्र, रामानुजगंज, जायसवाल परिवहन सुविधा केन्द्र वाड्रफनगर तथा एसआर परिवहन केंद्र महुआपारा राजपुर में शिविर लगाया जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहन के लिए 366 रूपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 428 रूपए, चार पहिया वाहनों के लिए 657 रूपए तथा भारी माल वाहनों के लिए 706 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा परिवहन सुविधा केंद्र में फॉर्म भरने पर 50 रूपए अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

### पीएटी एवं पीव्हीपीटी की प्रवेश परीक्षा आज, नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्रदेश भर में 15 मई को पीएटी एवं पीव्हीपीटी 2025 प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 तक आयोजित होगी। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर रामेश्वर नाथ पाण्डेय को नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रवि कुमार भोजवानी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनो परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष एवं आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य नंद कुमार देवांगन को केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी महिपाल कुजूर को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के लिए प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता को केंद्राध्यक्ष व कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी ओमप्रकाश साहू को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। साथ ही कलेक्टर द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र के लिए उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है। जिसमें सहायक संचालक पंचायत सुश्री स्टेला खलखो को दल प्रभारी एवं जिला रोजगार अधिकारी दिवाकर लाल टांडिया एवं नायब तहसीलदार डौरा-कोचली सुश्री रॉकी एक्का को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### दौलत प्रताप सिंह बने भाजपा मंडल देवनगर के महामंत्री

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश



महासचिव पवनसाय के अनुशंसा से भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी द्वारा भाजपा मंडल देवनगर की कार्यकारिणी घोषित की। भाजपा मंडल देवनगर महामंत्री का दायित्व दौलत प्रताप सिंह को सौंपा गया।

### कुम्दा खदान पहुंच मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया की नहीं हुई मरम्मत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सात आठ खदान पहुंच मार्ग में स्थित पुल के पिछले बारिश में क्षतिग्रस्त हो जाने और सूचना के बावजूद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इसके मरम्मत हेतु पहल नहीं किए जाने से इस मार्ग में आवाजाही करने वाले खदान के कर्मी सहित ग्रामीण दुर्घटना के शिकार हो रहे है।बताया गया कि कुम्दा 7-8 खदान से कमलापुर, दतिमा, सहित आधा दर्जन गांवों के लोगों का इसी मार्ग से आवागमन होता है।गत वर्ष बारिश में पुल के बह जाने के बाद बीएमएस के पदाधिकारियों ने इस बावत सहक्षेत्र प्रबंधक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंप नए पुल के निर्माण कराये जाने की मांग की थी, लेकिन अब साल बीत जाने के बाद भी अब तक इस ओर कोई प्रगति नहीं हुई है।बीएमएस के पदाधिकारी प्रेम जायसवाल ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल से आवागमन के दौरान तीन दिनों पूर्व खदान का कोल कर्मी हजरत अली चोटिल हो गया, इस दौरान उसे बाएं पैर में चोटे आई है, इस घटना के पूर्व भी कई लोग क्षतिग्रस्त पुल को पार करने दौरान चोटिल हो चुके हैं।उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन से क्षतिग्रस्त पुल को बारिश के मौसम से पहले नये सिरे से निर्माण कराये जाने की मांग की है ताकि कोल कर्मचारियों को हो रही असुविधा दूर की जा सके।

### खनिज सर्वे कार्य में बाधा डालने वाले तीन को भेजा जेल

**बलरामपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करूण कुमार डहरिया ने बताया कि जिले के तहसील कुसमी के अंतर्गत ग्राम बरपाठ में छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग द्वारा खनिज सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। 12 मई को शासकीय भूमि में सर्वे कार्य के दौरान सुनील नगेसिया, श्याम देव नगेसिया एवं मंतू राम नगेसिया शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचे एवं वहां उपस्थित कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम कुसमी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार कुसमी एवं थाना प्रभारी कोरंधा तत्काल मौके पर पहुंचे। संज्ञेय अपराध कारित किए जाने से रोकने एवं लोक परिशांति को बनाए रखने हेतु उक्त तीनों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि खनिज सर्वे कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्तियों पर सख्ती से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला आयोग ने की 43 प्रकरणों की सुनवाई

# हत्या और पुलिस कस्टडी में महिला से मारपीट मामले में आईजी, एसपी को आयोग ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की सुनवाई की। जिपं सभाकक्ष में आयोजित सुनवाई के दौरान सरगुजा और सूरजपुर जिले के कुल 43 प्रकरण रखे गए। इनमें से आयोग द्वारा कुल 6 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया जबकि 3 प्रकरण को सुनवाई के लिए रायपुर भेजा गया। बड़ी बात यह है कि सूरजपुर जिले के दो प्रकरणों में सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष ने एसपी सूरजपुर और आईजी को मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए है। इस सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव मौजूद थे।

**खास बात**
- 6 प्रकरणों को किया नस्तीबद्ध, 3 की सुनवाई होगी रायपुर में

एक प्रकरण में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई की घर में काम करने वाली महिला पर 8 तोला सोना चोरी करने का आरोप लगाया गया था और इस मामले में मकान मालिक के पक्ष में एक पार्षद भी पहुंच गया। इस दौरान महिला को सूरजपुर थाना प्रभारी द्वारा थाने में लाकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। प्रकरण में सुनवाई के दौरान आवेदिका और अनावेदन मौजूद थे लेकिन थाना प्रभारी सूरजपुर अनुपस्थित रहे। ऐसे में आयोग ने तीन दिनों तक थाने में महिला के साथ शारीरिक एवं मानसिक अत्याचार किए जाने के कारण,उन्हें उपस्थित होने के लिये आईजी सरगुजा एवं एसपी सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उनके खिलाफ शोकॉज नोटिस जारी करने कहा गया। अनावेदक क्रमांक 1 और 2 के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने बताया कि आवेदिका ने थाना प्रभारी का नाम विमलेश दुबे बताया है। घरेलू काम करने वाली महिला से मारपीट करने के मामले में एसपी एसपी सूरजपुर से जांच करा कर आयोग को रिपोर्ट प्रेषित करने कहा गया है। एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्ष लगभग 6 माह से अलग रह रहे है, उनकी दो संताने हैं। अनावेदक बैंगलोर के कोरमंगला में साइंस सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, लेकिन वर्क होम कार्य करता है। इनका वेतन 1.25 लाख है, वह दोनों बच्चों को अपने पास रखा है और आवेदिका से मिलने नहीं देता। इसलिए इस प्रकरण को छः माह के लिए संरक्षण अधिकारी वित्तबाला को दिया गया, कि वह उभयपक्ष को सामने बुलाए और दोनों बच्चों से मिलने दिया जाए, अनावेदक 25 हजार रुपए प्रति माह संरक्षण अधिकारी के सामने आवेदिका को देगा। छः माह की निगरानी के पश्चात संरक्षण अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर रायपुर सुनवाई हेतु बुलाया जायेगा।



प्रकरणों की सुनवाई करतीं महिला आयोग की अध्यक्ष एवं सदस्य।

### महिला और बच्ची की मौत का मामला

आयोग में सुनवाई के दौरान कुन्नी चौकी क्षेत्र में महिला और उसकी बच्ची द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में मृतिका की बहन ने पति पर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान आवेदिका एवं अनावेदक उपस्थित थे। अनावेदक क्रमांक 11 चौकी प्रभारी वर्तमान में पुलिस चौकी होलीक्रास हॉस्पिटल में पदस्थ है, इस प्रकरण में जांच करके बताया गया है कि मृतिका एवं 6 वर्ष की पुत्री ने स्वयं फांसी लगाई थी। केस जांच में संयुक्त भागीदारी पुलिस अधीक्षक कुल 4 लोगों के नाम गए। अनावेदक क्रमांक 1 से 10 तक की उपस्थिति की जिम्मेदारी वर्तमान चौकी प्रभारी तथा अनावेदक क्रमांक 11 की होगी। अनावेदक क्रमांक 12 वर्तमान में यातायात प्रभारी सरगुजा उपस्थित हुए, शेष सभी अनावेदकों की आवश्यक उपस्थिति के लिये एसपी एवं आईजी सरगुजा के लिये पत्र भेजा जाने कहा गया। जिसमें चौकी कुन्नी के प्रभारी समस्त अनावेदक को लेकर रायपुर महिला आयोग की सुनवाई 30 मई को उपस्थित होने कहा गया। अनावेदक क्रमांक 11 और 12 को मृतिका मां और पुत्री की फोटो दिखाने पर दोनों के पैर जमीन पर होने पर फांसी दिखाया गया, जिसे दोनों पुलिस अधिकारी द्वारा आत्महत्या बताया गया है। डॉक्टर टीम रिपोर्ट के आधार पर हत्या या आत्महत्या मानते हैं, दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने अभिमत का उपयोग नहीं किया और ऐसे अपराध को सामने लाने में जिम्मेदारी नही दिखायी। इसलिए आज के इस मामले में मृतका की फोटो एवं नोटशीट की कापी सरगुजा आईजी को भेजा जायेगा और इस पूरे मामले में समस्त जांच अधिकारियों के खिलाफ शोकॉज नोटिस जारी करने की अनुशंसा कि जाती है। एसपी सरगुजा 15 दिन के अंदर इस प्रकरण की जांच करा कर 15 दिन के अंदर आयोग को प्रेषित करने का पत्र भी भेजा जाएगा, ताकि आगामी सुनवाई 30 मई के पूर्व रिपोर्ट प्राप्त होने पर निर्णय लिया जा सकेगा।



## 2 क्विंटल से अधिक महुआ लहान और 29 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को आज उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने शहर के मठपारा में दबिश देकर न सिर्फ शराब बिक्री कर रहे तीन लोगों को पकड़ा बल्कि तीनों के पास से 29 लीटर महुआ शराब के अलावा 2 क्विंटल से अधिक महुआ लहान जब्त किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

- संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि मणिपुर अंतर्गत मठपारा मोहल्ला के तीन लोग भारी मात्रा में शराब बनाकर बिक्री कर रहे है। सूचना पर संभागीय उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में मठपारा में छापामार कार्रवाई कर मठपारा निवासी रामधनी तिग्गा के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब एवं 60 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। इसी प्रकार मोहल्ले के ही कविता यादव के कब्जे से 7.5 लीटर महुआ शराब तथा लगभग 80 किलोग्राम महुआ लहान एवं विमला साहू के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब एवं 80 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। टीम ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) (च), 34(2) एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता एवं आबकारी उप निरीक्षक टीआर केहरी द्वारा की गई वहीं कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं संगीता सक्रिय रहे।

## तत्कालीन सीई और ठेकेदार की जमानत याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

**अंबिकापुर।** सीएसईबी के सीई, ठेकेदार द्वारा लगाई गई जमानत याचिका को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने निरस्त कर दिया है। बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड अंबिकापुर के चीफ इंजीनियर पर करोड़ों रुपए के फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज लगाकर ठेकेदार से मिली भगत कर ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि गबन करने के संबंध में है कोतवाली थाना में शिकायत की गई थी। अधिवक्ता ने मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशकके जांच रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया था एवं संबंधित अधिकारियों तथा मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं ग्रुपकृपा के डायरेक्टर/प्रोप्राइटर के विरुद्ध कोतवाली थाना में न्यायालय के आदेश के बाद धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन सीई राजेश लकड़ा एवं ठेकेदार प्रभोजत सिंह भल्ला द्वारा माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर के न्यायालय में अग्रिम जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में 6 मई को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ममता पटेल के न्यायालय में सुनवाई उपरांत अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त कर दिया गया न्यायालय के द्वारा अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपित अपराध, गंभीर एवं सुनियोजित आर्थिक अपराध है जिसमें सहजतापूर्वक अग्रिम जमानत का लाभ मिल जाने पर ऐसे अपराधों की बढ़ोतरी संभव होने बाबत अभियोजन का तर्क सर्वथा अनदेखा नहीं किया जा सकता। केस डायरी से दर्शित होता है की विवेचना अभी प्रारंभिक स्तर पर है ऐसी स्थिति में आवेदक/आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ दिए जाने पर संबंधित आवश्यक दस्तावेजों में छेड़छाड़ अथवा विलोपन की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता जिसके आधार पर प्रस्तुत अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

- सीएसईबी में करोड़ो रुपे के भ्रष्टाचार का मामला, कोतवाली में दर्ज है अपराध

## पति की प्रताड़ना से पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** मुहबोले पति की प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने घर के समीप पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लब्जी निवासी शिवात्रि पति कलेश्वर राम (35 वर्ष) 12 मई की शाम शिवात्रि के मुहबोले पति पारसनाथ सिंह द्वारा मोबाईल देने की बात को लेकर हाथ मुक्का से मारपीट कर घर लाने का प्रयास किया था। घर वापस आते समय रास्ते में पुनः शिवात्रि से पारसनाथ सिंह द्वारा झगड़ा विवाद कर मारपीट किया गया। मुहबोले पति द्वारा मारपीट से प्रताड़ति व परेशान होकर देर रात शिवात्रि ने घर के सामने बेल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम करने तथा बयान के आधार पर मुंहबोले आरोपी पति पारसनाथ सिंह के विरूद्ध धारा 108 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## कांग्रेस ने फूंका एमपी के कैबिनेट मंत्री का पुतला, पद से बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम देने वाली भारत की जांबाज सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अमर्यादित और अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जगह जगह मंत्री के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे है इस बीच सरगुजा में भी कैबिनेट मंत्री के खिलाफ कांग्रेस व महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया।

- ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व करने वाली महिला अधिकारी के खिलाफ की थी अमर्यादित टिप्पणी

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा एमपी के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने प्रतीकात्मक विरोध के रूप में विजय शाह के पुतले का मुंह काला करने के साथ ही गले में जूते की माला पहनाकर पुतला दहन किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस ने मंत्री के बर्खास्तगी और उनके खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा के मंत्री द्वारा महिला सेनाधिकारी पर की गई ओछी टिप्पणी युद्धकाल में सेना का मनोबल तोड़ने वाला है। कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार पुश्तों से भारतीय सेना में शामिल हो देश की सेवा कर रहा है, ऐसे देशप्रेमी परिवार की महिला सेनाधिकारी को आतंकवादी की बहन कहना शर्मनाक होने के साथ ही देशद्रोह भी है। मंत्री विजय शाह लगातार निम्न स्तर के बयान देते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा चुनाव में न केवल टिकट देती है साथ ही मंत्री भी बनाती है। स्पष्ट है कि भाजपा अमर्यादित आचरण वाले लोगों को प्रमोट करने वाली पार्टी है।

इस दौरान वरिष्ठ नेता अजय अग्रवाल, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, रामविनय सिंह, शफीक खान, दुर्गेश गुप्ता, सरोज साहू, अरुण मिंज, रशीद अहमद, संजीव मंदिलवार, पपिन्दर सिंह, हरभजन भामरा, अनिल सिंह, अनिल सिंह कर्नल, शैलेंद्र सिंह, अनूप मेहता, अशफाक अली, जमील खान, लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, शिवेश सिंह, आलोक सिंह, विनोद एक्का, शांतनू मुखर्जी, चंद्रप्रकाश सिंह, कलीम अंसारी, बाबर खान, काजू खान, दीपक मिश्रा, सुदामा कुर्रे, जीवन यादव, प्रमोद चौधरी, रजनीश सिंह, लुकस एक्का, अमित सिंह, शिवप्रसाद अग्रहरि, दिनेश शर्मा, आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल, शमा परवीन, गीता रजक, मंजू सिंह, प्रीति सिंह, ममता सिंह, रूपा ताम्रकार, अंजू सिंह, उर्मिला, तृप्त राज सिंह धंजल, निखिल विश्वकर्मा, निकी खान, परवेज आलम गांधी, कृष्णा मुरारी शर्मा, राहुल सोनी, साहिल अली आदि मौजूद थे।



## समाधान शिविर में हितग्राहियों को दी गई आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

बुधवार को सुशासन तिहार के तहत विकासखंड के कलस्टर परसागुड़ी में समाधान शिविर आयोजन किया गया। हाई स्कूल मैदान परसागुड़ी में आयोजित शिविर में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जिला सदस्य व सभापति रवि प्रताप मरावी, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, सीईओ अनिल कुमार तिवारी शामिल हुए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री व नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि अंबिकापुर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़वासियों को 3 लाख नए आवास की स्वीकृति दी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 हजार आवास की तत्काल स्वीकृति दी थी। कांग्रेस सरकार द्वारा केंद्र से भेजे गए 18 हज़ार आवास को रोक दिया गया था जिसे काफी लोगों का मकान बीते 5 साल में नहीं बन पाया था। अब भाजपा की सरकार बनते ही अब लगातार आवास की स्वीकृति दी जा रही है और केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी 3 लाख आवास की घोषणा की है। अब गांव क्षेत्र में एक भी कच्ची का मकान नहीं दिखेगा सभी का आवास टू प्लस में जो सर्वे हुआ है उसी के आधार पर आवास की स्वीकृति दी जाएगी। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में आवेदन आए हैं। समाधान शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि शिविर में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी 6 को, किसान किताब, लखपति दीदी सम्मान प्रमाण पत्र 5 दीदियों को, जाति प्रमाण पत्र 5 छात्रों को, आयुष्मान कार्ड पांच हितग्राहियों को, मनरेगा जॉब कार्ड 10 मजदूरों को दिया गया। शिविर में दो पंचायत के लोगों ने नरसिंहपुर मरकाडाड के बीच महान नदी में पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन दिया था। सेतु विभाग सब इंजीनियर ने लगभग 12 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है लेकिन फिलहाल स्वीकृति नहीं मिल पाई है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, उदय यादव, सतीश सिंह, नरसिंहपुर सरपंच शम्भू राम, संतोष तिवारी, रेंजर महाजन लाल साहू, एवं 36 विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## समाधान शिविर के माध्यम से समस्याओं का निराकरण करने हैं प्रतिबद्ध : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करवां

शासन लोगों की समस्याओं का निराकरण करने सीधे संवाद करने अब समाधान शिविर के माध्यम से आपके द्वार पहुंचकर समस्याओं को निराकृत करने को प्रतिबद्ध है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों की समस्याओं का शासन द्वारा नियत तिथि में ही समस्या हल कर सर्वांगीण विकास करना सुशासन तिहार का महत्वपूर्ण कार्य है। उक्त बातें विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां में आयोजित सुशासन तिहार के मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा।

- 4580 आवेदनों का किया गया निराकरण

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में 14 मई को शासकीय आजाक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां प्रांगण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा दिए गए, समस्या एवं मांग पत्र हेतु कुल आवेदन 4 हजार 637 प्राप्त हुए थे, जिसमे 4 हजार 580 विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर निराकृत किए गए एवं 57 आवेदन लंबित है। समाधान शिविर में विकासखंड अंतर्गत 16 ग्राम पंचायत करवां, रामनगर, रनियाडीह, सरस्वतीपुर, करंजी, खरसुरा, दतिमा, झूमरपारा, कुम्दा बस्ती, पचिरा, गिरवरगंज, नयनपुर, रामपुर, गांगी कोट, गोविंदपुर सहित कसकेला के ग्रामीणों ने शिविर में अपनी समस्याओं का निराकरण कराया। शिविर में सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। संबंधित विभाग द्वारा निराकृत आवेदन की समीक्षा ग्रामीणों के समक्ष निराकृत कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा शिविर स्थल पर उपस्थित जन प्रतिनिधि सहित जन समुदाय को जल संरक्षण किए जाने एवं जल ही जीवन है की महत्वता थीम पर आधारित शपथ दिलाई। विभाग द्वारा किसानों को 15 बोरी धान बीज वितरण एवं 8 किसानों को क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा तीन ऋण पुस्तिका व एक राशन कार्ड वितरण किया गया। ग्राम पंचायत करवां के ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के स्थानीय कर्मचारियों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही और लचर व्यवस्था एवं भीषण गर्मी में लंबे समय तक बिना पूर्व सूचना के अघोषित बिजली कटौती किए जाने को लेकर शिकायत किया। जिस पर सांसद चिंतामणि महाराज ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि एकल बत्ती विद्युत कनेक्शन के हितग्राहियों को प्राथमिकता से कनेक्शन प्रदान करें एवं बिना पूर्व सूचना विद्युत कटौती न करें। महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से महतारी बंधन के नवीन पंजीयन हेतु 143 आवेदन निराकृत किए गए। करवां पंचायत के हुस्ने आरा अंसारी द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण मशीन हेतु मांग का निराकृत किया गया एवं सरकारी पारा में आंगनबाड़ी भवन मरम्मत एवं नवीन भवन निर्माण हेतु आवेदन लम्बित है। शिविर में कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ नंदनी कमलेश साहू, एसडीएम शिवानी जायसवाल, जनपद सीईओ विनोद सिंह, जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछा, महेश्वर पैकरा, सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह, जनपद सदस्य दशरथ सिंह, श्रीमती निशा सिंह, अशोक कुमार सोनवानी, अमर साय राजवाड़े, अजय साहू, प्रज्ञा कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा, मानिकचंद कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा नंद किशोर कुशवाहा, अमित साहू, मनोज सिंह, आकाश कुशवाहा, दुर्गा साहू, ऐनुल हक अंसारी, टिकेश राजवाड़े, जयंत जायसवाल सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

